**Title: Need to supply foodgrains to the people living below poverty line in backward States of the country- Laid.**

**श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद): अध्यक्ष महोदय, देश के राज्यों में परस्पर अमीरी और गरीबी की खाई लगातार बढ़ती जा रही है। योजना आयोग एक अध्ययन के बाद इस नतीजे पर पहुंचा है कि दिल्ली देश में सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय वाला राज्य है जबकि बिहार सबसे कम। दिल्ली के साथ अमीर राज्य महाराद्र, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और तमिलनाडू का नम्बर आता है तो दूसरी ओर बिहार के साथ उड़ीसा, असम, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की गिनती की गयी है। सरकार ने उड़ीसा की दयनीय हालत देख कर कालाहांडी, बालांगीर, कोरापुर से विभाजित मौजूदा जिलों के 14 लाख परिवारों के लगभग 75 लाख लोगों को निर्धनता की रेखा के नीचे जीने वाले लोगों के समान 25 किलो अनाज प्रति माह देने का निर्णय किया है। मैं सरकार के इस कदम का स्वागत करता हूं। सरकार को उड़ीसा की भांति बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों में भी उन क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिए, जहां पर भुखमरी के शिकार होने की संभावना बनती जा रही है।**

**अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि वह अविलम्ब उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, असम, मध्य प्रदेश प्रान्तों के निर्धन क्षेत्रों में भी उड़ीसा की तर्ज पर अनाज वितरण की योजना घोति करे।**